तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 7 अक्टूबर 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



घोर नक्सल क्षेत्रों में एसी कर रहे मध्यरात्रि... 11





सुकमा में मछली पालन की असीम संभावनाएं 11




## नवरात्रि विशेष



### पंचमीः स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेंगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्ही स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-
नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

# लोडो-कैरम का खेल अब मनोरंजन कम जुआ ज्यादा, कार्रवाई में पुलिस असमर्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

एक समय था जब लूडों, कैरम, सॉप सिढ़ी और मारियों गेम लोकप्रिय हुआ करता था, जो ज्यादातर लोगों के लिए टाईम पास करने का सबसे बढ़िया जरिया था, लेकिन पिछले कुछ सालों में लोग इन्हे भूल गए थे, जिसे इन्टरनेट ने गेम को दोबारा जिंदा कर दिया है। इन्टरनेट में गेम के आते ही लोगों ने इस का सीधा दुरूपयोग करते हुए जुआं खेलना शुरू कर दिया है, परंतु प्रमाण नहीं होने से कोई कार्यवाही भी नहीं हो पाती है।

इन्टरनेट पर गेम के अलग-अलग वर्जन है, जिसे यूजर्स अपने मोबाईल में डाऊनलोड कर रहे है। खासकर लूडों काफी पसंद किया जा रहा है। लोग

## खिलाड़ी जुआ खेल रहे हैं या मनोरंजन कर रहे हैं, प्रमाणित करना टेड़ी खीर




### पुलिस भी नहीं कर पा रही कार्रवाई

ताश से जुआं खेलना व सट्टे की जानकारी मिलने पर पुलिस विभाग सीधे जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही करती ,है पर सार्वजनिक जगह पर लूडों खेलने के दौरान यह पता नहीं चल पाता कि सामने वाला जुआं खेल रहा है या फिर सामान्य गेम खेल रहा है। सामान्य गेम कब जुआं का रूप ले लेता है, इसका पता भी नहीं चल पाता। इसीलिए पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर पा रही है।

कहते है कि वे जब यह गेम खेलते है तो उन्हे 90 का दौर याद आ जाता है। उस समय लोग एकत्र होकर घर में लूडों या सॉप सीढ़ी खेलते-खेलते पूरा दिन बिता देते थे। स्मार्ट फोन में गेम आते ही फिर वहीं दौर वापिस आ गया है। लोग प्रोफेशनल्स फ्री टाईम में हो या घर में बच्चों के साथ इस गेम को बढ़ी मस्ती के साथ खेलते हुए समय बिताते थे, पर यही गेम जुआरियों के हाथों पहुंचते हुए जुआ का रूप ले लिया है, जिसे जुआ सिद्ध करना भी मुश्किल है। शहर के भीड़भाड़ और एकांत ईलाके में तीन से चार लोग मोबाईल लेकर लूडो गेम खेलते हुए नजर आ जाते है, जिसमें ज्यादातर लोग इस गेम को जुआ के रूप में खेलते है व पैसों का दाँव लगाते है, परंतु कोई प्रमाण नहीं होने पर इन पर ▶▶| शेष पेज 10 पर

### मौसम : अक्टूबर माह में धूप से बचने के लिए स्कार्फ व टोपी का कर रहें उपयोग

# बारिश के थमते ही सूर्य के तेवर ने किया व्याकुल, पारा 34 के पार, ठंड की प्रतीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मानसून के जाते ही बारिश बिल्कुल थम गई है। अक्टूबर माह में गुलाबी ठंड शुरू हो जाती थी, परंतु इस बार सूर्य निकलने के बाद 8 बजे से ही चिलमिलाती धूप अपना तीखा तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। चार माह पहले गुजर चुकी गर्मी का अहसास गुलाबी ठंड के दौरान देखने को मिल रहा है। दिन का तापमान 34 डिग्री सेल्सियस को भी पार कर गया है। लोग घर से निकलते ही रुमाल, गमछा, टोपी या फिर छाता का भी उपयोग कर रहे हैं। स्कूली बच्चे तेज धूप से बचने सिर पर गमछा व छाता तानकर पैदल स्कूल जा रहे हैं। कुछ छात्र तो अपने जैकेट को ही सिर में डालकर धूप से बचने का प्रयास करते हुए पैदल स्कूल से आना जाना करते दिखाई दे रहें है।

- पंखा, कूलर, एसी आन पर बिजली की कटौती ने किया और बेहाल

बीते एक सप्ताह से जिला मुख्यालय से लेकर गांवों तक लोग गर्मी से हलाकन हैं। घरों में लोग चौबीस घंटे पंखा, कूलर, एसी का उपयोग कर रहे हैं, वहीं गर्मी के साथ ही बिजली कटौती के चलते लोग दोहरी मार झेल रहे हैं। शहर में आवाजाही का खेल चल रहा है। दोपहर व रात के समय बार-बार बिजली बंद होने से लोगों का नींद खराब हो रही है। बारिश के बाद अक्टूबर माह में गुलाबी ठंड शुरू हो जाती थी, परंतु अक्टूबर के 6 दिन गुजरने के बाद भी दोपहर तक शहर का तापमान 34 डिग्री सेल्सियस को पार कर रहा है। गुलाबी ठंड में भी गर्मी से बचने के लिए लोग छाता व गमछा का उपयोग कर रहें है। स्कूल-कॉलेज में पढ़ने जाने वालो के लिए यह तेज धूप समस्या बनी हुई है। धूप से बचने के लिए छात्र स्कार्फ का उपयोग कर पैदल ही पढ़ने के लिए निकल पढ़ते है, वहीं ठेकेदारों के अधीन काम करने वाले कर्मचारी भी रातभर डयूटी देकर विद्युत आपूर्ति में आए खराबी को दुरुस्त करने में लगे रहते हैं। लो वोल्टेज से लोगों को काफी परेशानियों का सामना कर ना पड़ रहा है। अक्टूबर माह में बिजली विभाग उसी तरह से परेशान हो रहा है, जिस तरह से गर्मियों में वोल्टेज को लेकर परेशान रहते है।



### नवरात्रि में ठंड की हो जाती थी शुरुआत

*शहरवासी और मौसम के जानकारों ने बताया कि वर्तमान समय में मौसम में काफी बदलाव हो गया है। कुछ साल पहले शारदीय नवरात्रि पर्व शुरुआत होते ही ठंड भी दस्तक देता था और लोग गुलाबी ठंड महसूस करने लगते थे। खासकर ग्रामीण इलाकों में सुबह और देर शाम को आंशिक रूप से ठंड का अहसास होता था, काफी हद तक ओस गिरने लगती थी। दशहरा पर्व से लेकर दीपावली पर्व तक ठंड का एहसास कुछ ज्यादा ही होने लगता था। लोग सुबह सुबह धूप में खड़े होते थे, लेकिन वर्तमान में ऐसा कुछ भी नजर नहीं आ रहा है, बल्कि गर्मी अधिक बढ़ गई है, लोगों को अक्टूबर महीना भी जून का महीना लग रहा है।*

# 5 बाइक जब्त, इलाके के दो शातिर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के कई ईलाकों से मोटर सायकल चोरी करने वाले दो आरोपियों को दबोचने में कांकेर पुलिस को सफलता मिली। दोनो आरोपियों से पाँच मोटर सायकल को जप्त किया गया।

मोटर सायकल की चोरी की पतासाजी करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विशेष टीम गठित कर शहर में हो रहे मोटर सायकल चोरियो का पतासाजी एंव आरोपियों के धर पकड़ के लिए टीम स्वाना किया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपी सुभाष वार्ड कांकेर निवासी अंकुश को अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर 11 सितंबर को अपने दो अन्य साथियों के साथ मनकेसरी से लाल रंग का मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 05 एए 5583 को चोरी करना कबूल किया। इसके साथ ही जिले के अन्य क्षेत्रों से अलग अलग जगहो से चार मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि थाना नरहरपुर के ग्राम सुरही बादल से बिना नम्बर का एचएफ डिलक्स सिलवर रंग का मोटर सायकल एंव ग्राम राजपुर से हिरो एचएफ डिलक्स वाहन क्रमांक सीजी 05 एक्स 8440 काला रंग का एचएफ डिलक्स मोटर सायकल, ग्राम जामगांव से मोटर साकयल हिरो एच एफ डिलक्स वाहन क्रमांक सीजी 05 एएच 1838, नरहरपुर पेट्रोल पंप के आगे लाड़ी से मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 04 एमएच 1080 को चोरी करना स्वीकार किया। दोनो आरोपियों के पास से मोटर सायकल को जप्त किया गया और आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी मनीष नागर, प्रआर ओमप्रकाश, आरक्षक दुर्गेश सोनवानी, अनिल कुमार सलाम, बिरेन्द्र वटटी, राकेश लकडा का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में दो घायल, मामला दर्ज




**कांकेर।** बड़गांव थानांतर्गत आरोपी वाहन चालक पीव्ही 42 निवासी भोला हलदार मोटर सायकल और उसके साथ बैठे राज सरकार भानुप्रतापपुर से पीव्ही 42 विद्यानगर पखांजुर जा रहे थे। बड़गांव नया कन्या छात्रावास के पास चालक भोलाराम हलदार अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर बाईक दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें चालक भोला हलदार एवं पीछे बैठे राज सरकार को चोट लगा। दोनो को सिर, हाथ, पैर, मुंह में चोट आया और खून से लथफथ हो गए थे। दोनो घायलो को तत्काल पीएचसी बड़गांव लाकर ईलाज कराया गया। आरोपी चालक द्वारा वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाने से दोनो घायल हुए। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### मजदूर की पिटाई नामजद रिपोर्ट दर्ज



**कांकेर।** कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे लट्टीपारा कांकेर निवासी 50 वर्षीय कुमार मंडावी पिता मंगतू राम मंडावी ने पुलिस को बताया कि रोजी मजदूरी का काम करता हूं और 5 अक्टूबर को नया बस स्टैंड के पीछे बाजार लाड़ी के चबूतरा में बैठा था। सुबह करीबन सवा 7 बजें कंकालीनपारा कांकेर निवासी संजय मरकाम वहां पर आया और यहां क्यों बैठा है कहते हुए हाथ मुक्का एंव पास मे पड़े बांस के कमचील से मारपीट किया। आरोपी ने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया है। मारपीट करने से सिर में चोट आया व खुन निकलने लगा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# पुलिस रेड में छह हजार जब्त, 4 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए भिरौद नदी के पुलिया पास जुआ खेल रहें चार जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा और उनके कब्जे से ताश के 52 पत्ती, एक सफेद रंग का झिल्ली बोरी व नगद 5 हजार 700 रूपएं को जप्त कर जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि कुछ लोग भिरौद नदी के पुलिया पास तास पत्ती से रूपएं पैसो का दाव लगाकर जुआ खेल रहें है। जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने 5 अक्टूबर को शाम साढ़े 4 बजें छापामार कार्यवाही करते हुए चार जुआरियों को पकड़ा,



वहीं कुछ जुआरी पुलिस को आता देख भागने में कामयाब हुए। पुलिया के पास जुआ खेलते हुए 33 वर्षीय भुनेश्वर सोनकर पिता खेदू राम सोनकर, 28 वर्षीय सुरज कुमार यादव पिता स्व. दीपक कुमार यादव, 26 वर्षीय एमचंद देवांगन पिता गजेन्द्र देवांगन और 33 वर्षीय विक्रम यादव पिता दीपक कुमार यादव सभी पुराना नाकापारा चारामा निवासी को जुआं खेलते पकड़ा गया। जुआरियों के कब्जे से तास के 52 पत्ती एवं ▶▶| शेष पेज 10 पर

# इंदुल घाटी में औषधीय पौधों पर शोध-संग्रहण के लिए अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

औषधीय पौधों का शोध एवं संग्रहण अभियान के तहत नेवारखेड़ा के इंदुल घाटी के आसपास जंगल में जड़ी बूटियों और दुर्लभ औषधि पेड़ पौधों पर शोध कर औषधालय में नवनिर्मित हमर सुघ्घर औषधि उद्यान में रोपण के लिए संग्रहित किया गया।

औषधि पौधों का शोध एवं संग्रहण अभियान में जड़ी बूटियों और दुर्लभ औषधीय पेड़ पौधा का रोपण कर इनका संरक्षण व संवर्धन करने का प्रयास ग्राम वासियों एवं स्थानीय जड़ी बूटियों के जानकारों के सहयोग से किया जा रहा है। यह अभियान का उद्देश्य स्थानीय जंगल में उपलब्ध जड़ी बूटियों एवं दुर्लभ औषधि पेड़ पौधों का सर्वे कर इनका



स्थानीय बोली गोंडी में नाम एवं उसके उपयोग किस प्रकार करते हैं, इनकी जानकारी एकत्र करना है। इनका संग्रहण कर औषधि उद्यान में रोपित कर जड़ी बूटियां का प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के लायक बनाना एवं इन वन क्षेत्रों में जंगली प्याज, जंगली हल्दी, हर्रा, कुसुम ,जंगली कोचई, चिरायता, गरुड़, पेंडरी, कुतुल करुल टुडर बी रची, केऊ कंद, बेसे रामदतौन, जंगली सजा, खपरी ▶▶| शेष पेज 10 पर

# जय मां अम्बे समिति के गरबा ने जमाया रंग चकाचका, झूमे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

जय मां अंबे गरबा समिति द्वारा गायत्री मंदिर प्रांगण में 18 वर्षों से शानदार गरबा का आयोजन किया जा रहा है। गरबा को देखने के लिए चारामा के लोगों में अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। नौ दुर्गा के समय होने वाले गरबा में अलग ही माहौल देखने को मिलता है।

गरबा समिति के सदस्यों ने बताया कि चारामा में गरबा छोटे से स्पीकर में शुरुवात किया गया था। बीच में कोरोना काल को छोड़कर भव्य रूप से गायत्री मंदिर में लाइटिंग डेकोरेशन के साथ डीजे के माध्यम से शानदार आयोजन किया जा रहा है। मां जगदम्बे के आरती से गरबा की शुरुआत किया जाता है एवं



इसके पश्चात सभी वर्ग के बच्चे, महिलाए, पुरुष झूमकर गरबा डांडिया खेलते हैं। नौ दिनों में समिति के द्वारा गरबा थीम निर्धारित किया गया है। आज 7 अक्टूबर को लहंगा व घाघरा, 8 अक्टूबर को पिंक व भूरा, 9 अक्टूबर को फैंसी, एवं 10 अक्टूबर को लाल थीम रखा गया है। गरबा में शासन प्रशासन के साथ पुलिस प्रशासन का भी सहयोग मिलता रहा हैं। चारामा में ही नही आसपास के गांवो में गरबा की धूम मचा हुआ है। चारामा के इस गरबा को देखने के लिए नगर के अलावा आसपास गाँव के लोग भी पहुँचते है और यहीं से सीख लेकर अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी गरबा होने लगा है।

गरबा के आयोजन को सफल बनाने में नवीन भाई पटेल, स्वदेश शुक्ला, बसंत लांजेवार, हुमंत खत्री, रानू सेन, पंकज सबनानी, जगदीश भाई पटेल, सूर्यकांत सोनी, घुरू, अनूप, सुनील, रवि, नरेंद्र, विजय, अजय, आशु, शिवम पटेल आदि सदस्यो को सहयोग लगातार बना हुआ है।

### छात्र हो रहे आदी, अधिकारियों ने साधा मौन, नहीं कर रहे कार्रवाई

# कालेज - स्कूलों के आस-पास जर्दा-गुटखा व प्रतिबंधित सिगरेट की बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में पान दुकान संचालकों को जर्दा गुटखा, तम्बाकू व अन्य नशे की सामग्री का बिक्री करने से मना करने के बाद जिला व विकासखंड मुख्यालयों में कई शैक्षणिक संस्थानों के आसपास धड़ल्ले से तंबाकू उत्पादों की बिक्री की जा रही है। इन पर कार्यवाही करने वाली टीम की लापरवाही के कारण ऐसी परिस्थितियाएं बनी हुई है।

जिला एवं विकासखंड मुख्यालय में स्थित स्कूल से 100 मीटर के दायरे में पान दुकान संचालकों को जर्दा गुटखा, तंबाकू एवं अन्य नशे की सामग्री की बिक्री पर प्रतिबंधित है, इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने बकायदा गाईड लाईन भी जारी किया है। गाईड लाईन का पालन होते हुए कांकेर जिला मुख्यालय व विकासखंड मुख्यालयों में देखने को नहीं



मिलता है। खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी ऐसे दुकानदारों को न तो चिन्हांकित किया गया और न ही इन पर आज तक किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं हो पा रही है। कार्यवाही नहीं होने से ऐसे दुकानदारों पर खुले आम तंबाकू से जुड़ी सामग्रियां बिक रही है। सार्वजनिक स्थल में भी सिगरेट सेवन

- सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन बनी कागजों की शोभा

प्रतिबंधित है, उसके बाद भी सार्वजनिक स्थल पर लोग खुलेआम सेवन कर रहे है, इन पर कार्यवाही करने वाली टीम शहर में नजर नहीं आती है। कार्यवाही करने वाली टीम केवल तंबाकू निषेध दिवस और उसके दो चार दिन नजर आती है, उसके बाद साल भर टीम गायब रहती है। इन अधिकारियों की समीक्षा कौन करता है और क्या होता है, इस पर क्या काम किया जा रहा है, किसी को जानकारी नहीं है। समाचारों का प्रकाशन होने पर टीम पर दबाव बनाने पर 200 रूपएं का चालान काटकर खाना पूर्ति करके इतिश्री कर देते है।

### जिम्मेदारों ने साध लिया मौन

*शहर के लोगों का कहना है कि सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन प्रतिषेध तथा व्यापार और वाणिज्य, उत्पादन, आपूर्ति और वितरण विनियमन) अधिनियम, की धारा 6, 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति को और किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के भीतर सिगरेट या किसी अन्य तंबाकू उत्पाद की बिक्री पर प्रतिबंध है। प्रतिबंध के बाद भी स्कूल व काँलेजो के पास यह सामग्री मिल रही है। जिले व विकासखंड के जिम्मेदार अधिकारियों ने मौन साध लिया है।*

# कृषि स्थायी समिति की बैठक 18 को

**कांकेर।** कृषि स्थायी समिति की बैठक जिला पंचायत के सभापति की अध्यक्षता में 18 अक्टूबर को प्रातः 11.30 बजे से उप संचालक कृषि कांकेर के सभाकक्ष में बैठक आयोजित किया जाएगा। बैठक में खरीफ क्षेत्राच्छादन वर्ष 2024-25 की अद्यतन प्रगति, विभागीय योजनाओं और अन्य विषयों चर्चा की जाएगी। उक्त बैठक में संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा गया है।


## पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

# बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं विज्ञान मेला स्पर्धा में विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव



जगतु महारा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर में गुरुवार 3 अक्टूबर को जोन स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनाबाल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की है।

■ सोनाबाल के छात्र–छात्राओं ने जोन स्तरीय दिखाई प्रतिभा

व्याख्याता श्रीमती पूनम ठाकुर, श्रीमती रुकमणी ठाकुर एवं मुरित राम खुसरो के मार्गदर्शन में कक्षा ग्यारहवीं की छात्र कुमारी चांदनी सेठिया ने बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में खाद्य स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के विषय में अपना मॉडल प्रस्तुत कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11वीं के छात्र खिरेंद्र सेठिया एवं कुलेश्वर सोढ़ी ने प्रश्न मंच प्रतियोगिता में तृतीय स्थान तथा कक्षा दसवीं की छात्राएं कुमारी भविषा नेताम एवं साथियों ने मुख्य विषय एआई और समाज उप–विषय मानव बनाम कंप्यूटर पर विज्ञान नाटिका की प्रस्तुति दी। इस पर उन्होंने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिससे इन सभी छात्राओं को 15 से 18 अक्टूबर तक अंबिकापुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनाबाल के प्राचार्य यजेंद्र नाथ मांझी एवं समस्त स्टाफ, संकुल केंद्र सोनाबाल एवं ग्रामवासियों ने बहुत–बहुत बधाइयां देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव ने नगर में साफ-सफाई की

# मां दुर्गा पंडालों में चलाया गया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव




शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव ने दुर्गाबाड़ी मंदिर आडकाछेपडा, कालीबाड़ी दुर्गा मंदिर और डीएनके ग्राउंड दुर्गा मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया। यह अभियान नगर पालिका परिषद कोंडागांव के मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे के मार्गदर्शन में किया गया। अभियान में निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लगभग 250 युवक–युवतियों ने भाग लिया, साथ ही पूर्व सैनिकों ने भी स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया।

अभियान के दौरान, मंदिर परिसर के चारों ओर झाड़ू लगाई गई और जंगली घास को हटाया गया। परिषद ने दुर्गा पूजा समितियों और भक्तजनों से अपील की कि वे मंदिर परिसर के आसपास डस्टबिन का उपयोग करें ताकि प्रसाद ग्रहण करने के बाद डिस्पोजल और अन्य कचरे को सही स्थान पर डाला जा सके। इस कदम का उद्देश्य त्योहार के दौरान मंदिरों और उनके आसपास के क्षेत्रें को स्वच्छ और प्रदूषण–मुक्त रखना था। मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे ने इस सफल स्वच्छता अभियान के बाद सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया और भविष्य में भी इसी प्रकार के अभियानों में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा, स्वच्छ कोंडागांव, सुंदर कोंडागांव के लक्ष्य को पाने के लिए सभी नागरिकों को एकजुट होकर काम करना होगा। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का यह स्वच्छता अभियान न केवल कोंडागांव में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास था। बल्कि यह भी साबित करता है कि पूर्व सैनिक और युवा अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों को निभाने के लिए तत्पर हैं।अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने इस मौके पर समाज के सभी वर्गों से आह्वान किया कि वे स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें और अपने आस–पास के क्षेत्रें को साफ–सुथरा बनाए रखने में योगदान दें। विशेष रूप से धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता का महत्व बताया गया। ताकि श्रद्धालु स्वच्छ और शांतिपूर्ण वातावरण में पूजा कर सकें।

### इनकी रही प्रमुख सहभागिता

स्वच्छता अभियान में परिषद के सरंक्षक और बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव, उमेश साहू और कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती साहू के साथ कई पूर्व सैनिक और नगर पालिका परिषद के सदस्य शामिल रहे। उनका सहयोग और सक्रिय भागीदारी इस अभियान को सफल बनाने में सहायक रही।



# गांव-गांव में पहुंच भाजयुमो कार्यकर्ता जमकर बहा रहे पसीना



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान में हर कार्यकर्ता इन दिनों सक्रिय कार्यकर्ता का तमगा लगाने के जद्दोजहद में जुटा है। वर्षों से पार्टी को सेवा देने वाले कार्यकर्ता तब तक सक्रिय नहीं कहलायेगा, जब तक वह अपने बलबूते 50 नए सदस्य नहीं बना लेता। यही कारण है कि अब पुराने कार्यकर्ता जो केवल चुनाव के दौरान एकाएक सक्रिय होकर काम का दिखावा करते हैं, वे भी सक्रिय कार्यकर्ता की रेस में सम्मलित होने दिनरात पसीना बहा रहा है। भाजयुमो जिला संगठन के पदाधिकारी भी इसी कवायद में गांव-गांव में पहुंच सदस्य बनाने में जुटे है। युवा मोर्चा द्वारा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर पूरे जिले में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। सदस्यता यात्रा के तीसरे दिन जगदलपुर विधानसभा के नगरनार मंडल के ग्राम आड़ावाल, बाबू सेमरा, खमहारगांव , खुटपदर, मारकेल, बम्हनी, जिरागाव, कस्तूरी,नगरनार, उपनपाल, माड़पाल, कलचा, तुरेनार, भाटागुड़ा, गरावंड, हाटगुड़ा, धुरगुड़ा,होते हुए सदस्यता रथ हल्बाकचोरा पहुंची जहां पर सदस्यता उपरांत तीसरे दिन का सदस्यता यात्रा सम्पन्न हुआ।

■ पार्टी का सक्रिय सदस्य बनाने की मची होड़

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान जिलाध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, अभियान प्रभारी लक्ष्मण झा, जिला महामंत्री मनोज पटेल युवा, रमन चौहान मोर्चा से गणेश नागवंशी, विकास पात्रो, पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रैनू बघेल, रूपेश समरथ, सुरेश ठाकुर, जितेंद्र बाकडा, श्यामलाल सेठिया, धीरज पांडे, योगेश सहारे, विषम नेताम, संगीता महाराणा, गौतम समरथ, श्याम गुरु,पुखराज ठाकुर एवं अन्य कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### छग न्याय यात्रा में शामिल हुए पूर्व मंडी अध्यक्ष

**नगरी।** छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा 27 सितंबर से 2 अक्टूबर तक गिरौदपुरी से रायपुर गांधी गांधी मैदान तक निकाली गई। 6 दिनों में 125 किमी का सफर तय करने के बाद रायपुर में विशाल आमसभा हुई। इस यात्रा में नगरी कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष तथा पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेंद्र सोनी उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि यात्रा का उद्देश्य प्रदेश में लचर क़ानून व्यवस्था, राज्य में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध, प्रदेश में रोज़ हो रही दुराचार, सामूहिक दुराचार, बच्चियों से बलात्कार, ज़ैतखाम में हुई तोड़फोड़ का विरोध, बलौदाबाज़ार के आगज़नी मामले में निर्दोषों की गिरफ़्तारी का विरोध तथा कांग्रेस के नेताओं और सतनामी समाज के लोगो की रिहाई की मांग, कवर्धा के लोहारडीही में साहू समाज के 3 बेटों की हत्या, प्रशांत साहू की पुलिस की बेरहम पिटाई से हुई मौत की न्यायिक जांच की मांग शामिल हैं। छग न्याय यात्रा के जरिये यह संकल्प दोहराया गया कि छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए काम हो, प्रदेश की जनता को न्याय मिल सके।

### महाव्यापारी संघ का सांस्कृतिक कार्यक्रम जारी



**मगरलोड।** महाव्यापारी संघ दुर्गा उत्सव समिति मगरलोड के तत्वावधान में शारदीय नवरात्रि पर रामलीला मैदान में दुर्गा की प्रतिमा विराजित की गई है। रात्रि में मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया है। 5 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ी लोककला झांकी नवज्योति जसगीत दूधवारा की प्रस्तुति हुई। 7 को पैरी लहर जस जगराता, 8 को संध्याकालीन रंगोली एवं थाल सजाओ प्रतियोगिता, गरबा नृत्य, 9 अक्टूबर को डांस प्रतियोगिता, 11 अक्टूबर को जय मां शीतला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी बड़े साज भानपुरी (धमतरी) की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी दुर्गा उत्सव समिति अध्यक्ष यादराम गायकवाड़, सुखदेव साहू ने दी है।

### तीन दिनी प्रो कबड्डी व डांस स्पर्धा 11 से

**दुर्गुकोदल।** दुर्गुकोंदल ब्लॉक आश्रित ग्राम आमागढ़ मे विजय दशमी दशहरा के महापर्व मे प्रो कबड्डी 11 से 13 अक्टूबर तक तीन दिवसीय और रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता आयोजन युवा शक्ति संगठन आमागढ़ द्वारा रखा गया है। कबड्डी में प्रथम पुरस्कार 10000, द्वितीय पुरस्कार 5000 एवं तृतीय पुरस्कार 2500 रूपए रखा गया है। डांस प्रतियोगिता में सामुहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 6000, द्वितीय 3000 एवं तृतीय 1500 रूपए व युगल डांस में प्रथम 3000, द्वितीय 1500 एवं तृतीय 1100 रूपए और एंकर डांस में प्रथम पुरस्कार 1500, द्वितीय 1000 एवं तृतीय 551 रुपए रखा गया है।

### समाज में सकारात्मक बदलाव लाने युवा आगे आएं : चम्पेश्वर

**कोर्रा(भखारा)।** शाउमावि सिलौटी में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर व्याख्याता जयनारायण सोनवानी ने कहा कि यह दिवस प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लोगों को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वैच्छिक रूप से रक्तदान करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने छात्रों को रक्त दान करने के फायदे तथा भ्रांतियों पर जानकारी दी। चम्पेश्वर साहू ने अपने उद्बबोधन में कहा कि वे सभी व्यक्ति जिनकी उम्र 18 से 65 वर्ष हैं जितनी बार चाहे रक्तदान कर सकते हैं। समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अपना योगदान दें, आपके छोटे से प्रयास से किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है। इस अवसर पर छात्रों में चित्रकला, निबंध, स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## रोटरी क्लब एवं डीएन इवेंट्स के नवरात्रि गरबा की धूम




**जगदलपुर।** रोटरी क्लब एवं डीएन इवेंट्स द्वारा तीन दिवसीय गरबा का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन मां दुर्गा की आरती कर गरबा की शुरुआत की गई। शहर के युवा पारिवारिक सदस्य, छोटे बच्चे, कॉलेज में पढ़ रहे युवा, व्यवसायी सभी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। पहले दिन के डीजे मार्वल ने सभी को ख़ूब नचाया। सभी ने नॉन स्टॉप डीजे डांडिया नाइट का आनंद लिया। गरबा नाइट में फूड जोन में भी स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम समाप्ति के बाद लकी ड्रॉ पुरस्कार रोटरी क्लब अध्यक्ष विवेक सोनी, सचिव श्राइन वर्गीस, डीएन इवेंट्स के संचालक निहारिका मोदी द्वारा दिया गया। एंकरिंग रोशनी अग्रवाल ने की।




# टमाटर 60 रुपए किलो में बिका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



साप्ताहिक बाजार में इस रविवार को टमाटर 60 रुपए किलो में बिका, लोकल बाजार से गायब हो गया। साथ ही गृहणियों को प्याज की दर रूला रहा है। वहीं दशहरा के चलते बाजार में शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के खरीददारों की भीड़ ज्यादा रही। बाजार में फूलगोभी 100, पत्तागोभी 50, शिमला मिर्च 60, हरी मिर्च 50, भिंडी 30, भट्टा 50, बरबटी 40, करेला 80, आलू 40, प्याज 70, अदरक 200, लहसून 400, खेक्सी 120 रुपए किलो और लालभाजी 20 रूपए में 10 एवं पालकभाजी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रही है।

# एनएसएस से छात्रों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है : डॉ चोवाराम

■ कालेज छात्रों ने स्वच्छता पखवाड़ा में साफ सफाई एवं जन जागरूकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जीजामगांव




दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में स्वच्छता ही सेवा है की थीम पर प्राचार्य डॉ. चोवाराम यदु के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती पुष्पा दर्रो के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चोवाराम यदु ने युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत महाविद्यालय, सोसायटी, स्वास्थ्य केन्द्र, ग्राम पंचायत, आंगनबाड़ी के आसपास, बाजार चौक, कालेज परिसर, डाकघर के आसपास, बाजार चौक, पशु चिकित्सालय परिसर, चावल गोदाम, तालाब पचरी, रंगमंच की साफ-सफाई की गई। स्वच्छता पखवाड़ा में स्वयंसेवकों हिमांशु साहू, डिम्पल, ओमिका, हर्षलता, झरना रानी, रूपाली, चेतना, लोकेश्वरी, हुलेश्वरी, गीतांजलि, रोशनी, चांदनी, रत्ना, लक्ष्मी, काजल, डिम्पल, अर्चना, खुशबू, हिना, दामिनी, राधा, उर्वशी, माधवी, भूमिका, जीतू, तामेश्वरी, डामेश्वरी, कोयल, यशवंत, मेघराज, युगल बैस, योगराज, राकेश, मौरजध्वज, इन्द्रजीत, विजय, दमेन्द्र, मानसी, चांदनी, नंदनी, खूशबू, दीक्षा का योगदान रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. चोवाराम यदु ने कहा कि एनएसएस से छात्रों में नेतृत्व क्षमता एवं समाज सेवा की भावना जागृत होती है। अनुशासन की शिक्षा देती है।

## पेज 9 के शेष

### लोडो-कैरम का खेल...

कोई कार्यवाही नहीं हो पाती है। संभ्रात लोग भी सार्वजनिक जगहों पर इस खेल को खेलते हुए मिल जाएंगे, जिसका बुरा असर सीधें बच्चों पर पड़ रहा है।

### पुलिस रेड में ...

सफेद रंग का झिल्ली बोरी तथा 2 नगद 500 रूपएं । जुआरियों की तलाशी लेने पर भुनेश्वर सोनकर से 640 रूपएं, सुरज कुमार यादव से 860 रूपएं, एमचंद देवांगन से 870 रूपएं और विक्रम यादव से 830 रूपएं मिला। फड़ और जुआरियों के कब्जे से कुल 5 हजार 700 रूपएं को जप्त कर धारा 3(2) जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

सटोरियों को नहीं दबोच पाई

हरिभूमि ने चारामा पुलिस के नाक के नीचे सट्टा खिला रहे सटोरियों के नाम को उजागर किया था, यहाँ तक इन सटोरियों से कितना कौन वसूली करता है, इसका भी खुलासा किया था, परंतु चारामा पुलिस इन सटोरियों पर हाथ नहीं डाल पाई। नाम खुलासा हो जाने के बाद भी पुलिस के द्वारा कार्यवाही नहीं किए जाने से कई प्रकार की ऊंगली उठती रही और आज भी उठ रही है।

### इंदुल घाटी में...

बेला, शतावरी, भुईआवला, बेल, सिहारी, सागौन सहित अनेक औषधि पेड़ पौधे स्थित हैं। संग्रहण की गई जड़ी बूटियों के बारे में आजकल के बच्चों को भी जानकारी दिए जाने की रणनीति तैयार की गई है। आजकल के बच्चे इन पौधों से पूरी तरह से अनभिज्ञ हो गए है, उनमें जागरूकता लाने का भी प्रयास किया जा रहा है। संयुक्त अभियान दल में नेवारखेडा के रामदुलार कोवाची, ग्राम पटेल शिवलाल कोवाची, ग्राम गायता बादराय कोवाची, राजकुमार कोवाची, दुर्गा राम कोवाची, भुवन कोवाची, फूल सिंह कोवाची, कमल कोवाची, सुरेश कोवाची, शिवलाल कोवाची, नंदलाल ध्रुव, रवि प्रसाद यादव और औषधालय के अधिकारी व कर्मचारी का सहयोग रहा।

## राज्य स्तरीय डीजे डांस स्पर्धा कल

**चारामा।** नवरात्रि महोत्सव के शुभ अवसर पर जागृति युवा मंडल समिति द्वारा 8 अक्टूबर को राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता बागडोंगरी कोटा में आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न श्रेणियों के नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे।

प्रतियोगिता में सामूहिक नृत्य, युगल नृत्य और एकल नृत्य के लिए कुल तीन श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। सामूहिक नृत्य श्रेणी में प्रथम पुरस्कार 7001, द्वितीय 5001 एवं तृतीय 2501 रूपए रखा गया है। युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 3501, द्वितीय 2001 एवं तृतीय 1501 रूपए और एकल नृत्य के विजेता को2501 रूपए का प्रथम पुरस्कार दिया जाएगा।

प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार सभी प्रतिभागियों को पारंपरिक और शालीन परिधान पहनने होंगे और समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। आयोजन समिति ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देना और युवाओं में पारंपरिक नृत्य के प्रति रुचि जागृत करना है।

# सप्ताहिक बाजारों में दी गई सायबर अपराधों की लोगों को जानकारी



**कांकेर।** सायबर अपराध के रोकथाम के लिए सुरक्षा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है, जो 19 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के तहत 6 अक्टूबर को साइबर सेल कांकेर एवं थाना भानुप्रतापपुर, सिकसोड़,नरहरपुर व चौकी कच्चे द्वारा साप्ताहिक बाजार कांकेर में साइबर संबंधी पोस्टर व पाम्पलेट वितरीत कर साइबर अपराधों की जानकारी लोगो को दिया गया।

बढ़ते सायबर अपराधो को देखते हुए लोगो को जागरूक करने व सायबर अपराध के रोकथाम के लिए 5 से 19 अक्टूबर तक सुरक्षा पखवाड़ा अभियान शुरूआत किया गया है। अभियान के दूसरे दिन 6 अक्टूबर को साप्ताहिक बाजार कांकेर में साइबर सेल कांकेर एवं थाना भानुप्रतापपुर के शहर में सायबर रथ व बाइक रैली निकालकर जानकारी दिया गया। दमकसा चौकी के ग्राम झिकाटोला, इरागाँव थाना सिकसोड़ बाजार, दुर्गुकोंदल के बीएसएफ कैंप भुस्की के पुलिस जवानों को तथा लोहत्तर क्षेत्रांतर्गत ग्राम गुलालबोड़ी में थाना कोड़ेकुर्से के ग्राम करकापाल में पंपलेट व पोस्टर के माध्यम से सायबर ठगी, धोखाधड़ी, अनजान व्हॉटसप कॉल से ठगी, अनजान लिंक से ठगी, एटीएम फ्राड क्लोन, अनजान मोबाइल नंबर से फोन आने पर अपनी बैंक खाता एवं व्यक्तिगत जानकारी साझा करने पर ठगी, फेसबुक, इंस्टाग्राम में अनजान लोगों से मित्रता बनाकर होने वाले ठगी के बारे में बताया गया। सायबर ठगी होने पर सायबर हेल्प लाईन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराने के लिए लोगों से अपील किया गया।

## खबर संक्षेप

### 750 ग्राम पंचायतों का चयन



**बीजापुर।** पंचायती राज्य भारत सरकार के निर्देशानुसार 750 ग्राम पंचायतों का चयन हुआ। जिसमें चयनित ग्राम पंचायत जिला बीजापुर के आकांक्षी ब्लॉक उसूर अन्तर्गत 5 ग्राम पंचायत में 2 अक्टूबर के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम की शुरूआत सभी पंचायतों में सरपंच के संबोधन से हुआ। उपस्थित ग्राम पंचायत के 75 वर्ष से अधिक बुजुर्गों का विशेष स्वागत किया गया। इसके उपरांत बुजुर्गों के द्वारा अपनी ग्राम पंचायत के विशेष अनुभवों को उपस्थित लोगों से साझा किया गया। इसके पश्चात जन योजना अभियान पीसीसी वीडियो दिखाया गया।

### पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त का हस्तांतरण



**बीजापुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 18वीं किस्त जारी किया गया। जिसमें जिले के 16740 कृषकों के खाते में 5.01 करोड़ रुपए से अधिक राशि का हस्तांतरण किया गया। कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में 5 अक्टूबर को कृषि विज्ञान केंद्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत पीएम किसान दिवस उत्सव मनाया गया। जिसमें उप संचालक कृषि पीएस कुशरे, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख अरुण सकनी, सहायक संचालक उद्यानिकी रामचंद्र राव, सहायक संचालक कृषि चुनेंद्र देवांगन, सहायक संचालक कृषि कृष्णा कुमार सिन्हा, विषय वस्तु विशेषज्ञ भूपेंद्र ठाकुर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ललित कुमार झाड़ी, कार्यक्रम सहायक अरविंद आयाम, प्रक्षेत्र प्रबंधक दिनेश मरापी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा जिले के 120 कृषक उपस्थित थे।

### कृषक प्रशिक्षण व सामग्री वितरण पर हुई कार्यशाला



**गीदम।** कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार विगत दिवस राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बैंगलोर द्वारा प्रदत्त आदिवासी उप परियोजना अंतर्गत जैविक खेती एवं जागरूकता के लिए प्रशिक्षण एवं सामग्री वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी किसानों को जैविक खेती के लाभों के प्रति जागरूक करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर, कृषि कीट विज्ञान विभाग से डॉ. योगेश कुमार मेश्राम, प्रमुख अन्वेषक, जैविक नियंत्रण प्रयोगशाला ने कृषकों को खेती में जैव उत्पादों का उपयोग करने, डॉ. बीपी कतलम, प्रमुख वैज्ञानिक ने कृषक मित्र कीटों के संरक्षण, डॉ. विकास सिंग ने रसायन मुक्त खेती करने, डॉ. प्रताप सिंह राठिया प्रभारी एवं प्रमुख आलू अनुसंधान केन्द्र मैनपाट ने आलू की उन्नत खेती के विषय के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने भी इन विधियों को अपनाने के लिए अपनी रुचि जाहिर की और विशेषज्ञों से शंका का समाधान भी किया। इसके अलावा कार्यक्रम में उपस्थित कृषि विज्ञान केन्द्र से डिप्रोशन बंजारा वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख, डॉ. प्रवीण कुमार निषाद विषय वस्तु विशेषज्ञ, डॉ. सत्यनारायण सिंग प्रक्षेत्र प्रबंधक एवं एस- के- पोडयाम, कार्यक्रम सहायक ने कृषकों को जैविक खेती करने हेतु प्रेरित किया। इस प्रशिक्षण सत्र में राईस अगेंट हंगर इंडिया संगठन कटेकल्याण ब्लाक के कार्यक्रम समन्वयक, निर्मल गौतम सहित दंतेवाडा जिले के विभिन्न गांवों से आए 65-70 कृषक गण उपस्थित रहे।

---

आश्रमों का निरीक्षण कर खामियां सुधारने के दे रहे निर्देश

# घोर नक्सल क्षेत्रों में एसी कर रहे मध्यरात्रि में दौरा

### आधा दर्जन अधीक्षको को जारी हुआ शौकॉज नोटिस

ब्लाक स्तर के अधिकारी दिन में भी जहां दौरा करने से कतराते है वहां रात्री में हो रहा है निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा





घोर नक्सल प्रभावित कहे जाने वाले क्षेत्र में जहां दिन में भी जाने से पहले सोचना पड़ता हो वहां इन दिनों जिले के सहायक आयुक्त मध्य रात्रि में दौरा कर वस्तुस्थिति से अवगत हो रहे है। 29 सितंबर को अपने रात्रिकालीन दौरे के दौरान सहायक आयुक्त शरत शुक्ला ने घोर नक्सल प्रभावित कहे जाने वाले ग्राम बड़ेसट्टी के छात्रवास का निरीक्षण कर कई खामियों से रूबरू हुए। वही अव्यवस्था को लेकर सहायक आयुक्त ने अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

सुकमा जिले के ऐसे बीहड़ क्षेत्र जहां दिन में भी जाने से आम आदमी सोच में पड़ जाता है। वही इन दिनों जिला प्रशासन द्वारा शासन की प्रत्येक योजनाओं का धरातल पर देखने के उद्देश्य से दिन तो दिन रात में भी दौरा करने लगे है। सुकमा जिले के एनएच 30 से नीचे उतरने के बाद 90 फीसदी ग्राम आज भी नक्सल प्रभावित की श्रेणी में आते है बावजूद इसकी परवाह किये जिले के आलाधिकारी बेखौफ रात्रिकालिन निरीक्षण में निकल पड़ रहे है।

#### मध्य रात्रि में बड़ेसट्टी पहुंचे सहायक आयुक्त

रात्रि 10.15 बजे सहायक आयुक्त शरत शुक्ला द्वारा आदिवासी बालक आश्रम बड़ेसट्टी संस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उक्त संस्था में साफ–सफाई का आभाव संस्था के परिसर में साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं है। सहायक आयुक्त ने माना कि यह न केवल स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न कर सकता है, बल्कि यह संस्था की छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

#### 48 में से सिर्फ 33 मिले

सुकमा जिले के सहायक आयुक्त शरत शुक्ला ने रात्रि में बड़ेसट्टी पहुंच कर संस्था के बच्चों की अनुपस्थिति पर जानकारी न होना संस्था में दर्ज कुल 48 बच्चों में से केवल 33 वच्चे उपस्थित मिले। शेष 15 बच्चों की अनुपस्थिति के बारे में पूछे जाने पर अधीक्षक प्रदीप शाडिल्य को उनके स्थान की कोई जानकारी नहीं थी, जिसे सहायक आयुक्त ने अत्यधिक लापरवाही का संकेत माना।

सहायक आयुक्त ने अपने निरीक्षण में पाया कि संस्था के पंजी संधारित न करना और रिकार्ड प्रस्तृत न कर पाना संस्था में कोई भी आवश्यक पंजी संधारित नहीं किया जा रहा है। जब पंजी मांगे गए, तब कोई भी रिकार्ड प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा 3 अगस्त को दिए गए रिकार्ड पूरा करने के निर्देशों का भी पालन नहीं किया गया। उपरोक्त कार्यप्रणाली से नाखुश होकर सहायक आयुक्त शरत शुक्ला ने अनुशासनहीनता और लापरवाही मानते हुए तुरंत इन कमियों को दूर करने के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाने पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही।

#### पूर्व में भी कर चुके है रात्रिकालीन दौरा

जिले के सहायक आयुक्त इससे पूर्व सितंबर माह में भी सुकमा ब्लाक के मुतोड़ी, डब्बारास, पेरमारास आश्रमों का भी रात्रि में दौरा किया था जिसमें आदिवासी बच्चों को शासन की ओर से दिये जाने वाली सुविधाओं में काफी अनियमितता पाई गई। वही मामले की गंभीरता को देखते हुए सहायक आयुक्त शरत शुक्ला ने कारण बताओ नोटिस जारी कर चेतावनी भी दी थी। ज्ञात हो कि पूर्व में इस तरह के रात्रिकालीन दौरे न के बराबर होते थे जिसके चलते रात्रि में अधीक्षक अपने घरो में आराम फरमाते रहते थे।

#### ब्लाक स्तर के अधिकारी नहीं करते निरीक्षण

सुकमा जिले में शैक्षणिक अव्यवस्था किसी से छिपी नही है। इसके पीछे मुख्य कारण आश्रम, पोटाकेबिनों में अधीक्षको द्वारा बरती जा रही लापरवाही के साथ साथ ब्लाक स्तर के अधिकारियों द्वारा सत्त निरीक्षण का अभाव है। सूत्रों का मानना है कि अगर ब्लाक स्तर के अधिकारी सप्ताह में कम से कम एक बार रात्रीकालिन संस्थाओ को निरीक्षण कर छात्रें के साथ भोजन पर कर ले तो काफी सुधार आ सकता है।

---

## खिलाड़ी खेल भावना से खेलें और निखारें अपना कौशल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर संबित मिश्रा के दिशा-निर्देशन पर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बीजापुर में 3 एवं 4 अक्टूबर को चौथा जिला स्तरीय खेल उत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भैरमगढ, दुगईगुड़ा, रूद्रारम एवं बीजापुर के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उपस्थित डॉ. आनंद सिंह सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, डी. सुबैय्या दुर्गम सहायक खेल अधिकारी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ ध्वजारोहण और दीप प्रज्वलन कर किया गया। खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने और अपने कौशल को निखारने के लिए प्रेरित किया। इस दो दिवसीय खेल महोत्सव में कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स और तीरंदाजी जैसी कई रोमांचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विभिन्न आयु वर्गों के छात्र-छात्राओं ने इन खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। खेल उत्सव के समापन समारोह में विजेताओं को सहायक आयुक्त डॉ. आनंद सिंह आदिवासी विकास बीजापुर के द्वारा पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया जिसमे नोडल प्राचार्य गोविंद राम जैन, प्राचार्य नागेश्वर निषाद, प्राचार्य मल्लैया दुर्गम, प्राचार्य नारायणन अम्मा एवं समस्त आयोजनकर्ता सदस्य भी सम्मिलित रहे। इस अवसर पर सहायक आयुक्त ने खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए कहा यह खेल महोत्सव न केवल छात्रों को खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है बल्कि उनके शारीरिक और मानसिक विकास में भी सहायक सिद्ध होता है एवं इस खेल प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए आयोजक, कलस्टर प्राचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने सभी खिलाड़ियों को और साथ ही आयोजक सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी और उन्हें भविष्य में संभाग, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए प्रेरित किया।

## कांग्रेस सरकार के पुराने कार्यों का भाजपा कर रही भूमिपूजन लोकार्पण : गणेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



दो दिन पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दंतेवाड़ा पहुंच करीब 167 करोड़ 21 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस कार्यक्रम को लेकर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा ने कड़ी आपत्ति जताई है।

प्रेस विज्ञप्ति जारी कर गणेश ने कहा है कि कांग्रेस शासनकाल में स्वीकृत हुए या पूर्ण हुए कार्यों को अपना बताकर भाजपा वाहवाही लूटने में लगी है। जिन कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया है उन्हीं कार्यों को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आचार संहिता से पहले भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया था। यह सरकार झूठ बोलकर सत्ता में वापस आई और फिर कांग्रेस की योजनाओं को अपना बताकर जनता के आंखों में धूल झोंक रही है। जिलाध्यक्ष गणेश ने बताया कि भाजपा को सत्ता में आए करीब एक साल का वक्त बीत चुका है पर अभी तक धरातल पर कोई योजना नहीं दिख रही है। दंतेवाड़ा जिले में कांग्रेस शासन काल में अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने सरकार प्रतिबद्ध थी पर यह सरकार नेतृत्व विहीन सरकार साबित हो रही है। पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में हाहाकार मचा हुआ है। मुख्यमंत्री के दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान आनन-फानन में शासन-प्रशासन ने सीएम के आंखों में धूल झोंककर उन्हें पुराने कार्यों का ही भूमिपूजन व लोकर्पण करा दिया। दंतेवाड़ा जिले की जनता जाग चुकी है अब वह किसी झांसे में नहीं आने वाली। गणेश दुर्गा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के शासन काल में मां दंतेश्वरी रिवर फ्रंट की नींव रखी गई थी और उसका वर्चुवल लोकार्पण भी किया गया था।

## उल्लास नवभारत साक्षरता केंद्र का हुआ शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



गीदम नपं के वार्ड क्रमांक 14 कड़तीपारा में उल्लास नवभारत साक्षरता केंद्र का शुभारम्भ किया गया। सर्वप्रथम छतीसगढ़ महतारी के छाया चित्र में वरिष्ठ प्रधान अध्यापक सरिता जैन व आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता सजन सोनी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उसके पश्चात स्वयंसेवी शिक्षक प्रकाश पोयाम, अंजलि कड़ती, पूजा यादव, रितिका ने बारी-बारी से अपना परिचय दिया। प्रधान अध्यापक सरिता जैन व संकुल समन्वयक योगेश सोनी ने अपने सम्बोधन में उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के विषय में जानकारी देकर हमारे दैनिक जीवन में शिक्षा के महत्व को बताया। इस साक्षरता केंद्र में 15 से 35 वर्ष के चिन्हाकित असाक्षरों को रात्रि कालीन कक्षाएं संचालित कर साक्षर किया जायेगा। इस कार्यक्रम में सभी पंजीकृत शिक्षर्थियों को पुस्तिका, नोटबुक व शैक्षणिक सामग्री प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रधान अध्यापक शिवराम वेक, श्रवण दुग्गे, राजकुमारी सिन्हा, आशा गुप्ता, अनीता वेक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, वरिष्ठ नागरिक व शिक्षार्थी उपस्थित थे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थाओं को किया गया सम्मानित

**बीजापुर।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार पुरे राज्य में आयुष्मान पखवाड़ा 20 से 30 सितंबर तक मनाया गया। इस दौरान कई गतिविधियां की गई जिसमें योजनान्तर्गत उच्च कार्य किए गए जिले के चिकित्सालयों को कलेक्टर संबित मिश्रा के द्वारा पुरस्कृत किया गया जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की कड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आवापल्ली प्रथम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नेलसनार द्वितीय वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मद्देड़ प्रथम एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र फरसेगढ़ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## विज्ञान सेमिनार में शैली प्रथम एवं हर्षित द्वितीय रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



समाज कल्याण के प्रति वैज्ञानिक सोच और विश्लेषणात्मक प्रवृत्ति को जागरूक करने के उद्देश्य से वर्ष 2024-25 के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के सहयोग से जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 2 अक्टूबर को स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल दंतेवाड़ा में जोन स्तरीय विज्ञान सेमिनार आयोजित किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी एसके अंबस्ता एवं कार्यक्रम आयोजक समन्वयक बीबी चक्रवर्ती ने कार्यक्रम का उद्देश्य एवं विशेषता के सम्बंध में जानकारी दी। इस प्रतियोगिता में दंतेवाड़ा जोन के अंतर्गत दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा तीनों जिलों से चयनित विद्यार्थी कृत्रिम बुद्धिमत्ता की संभावनाएं एवं उपयोग विषय पर पीपीटी एवं पोस्टर के माध्यम से विज्ञान सेमिनार व्याख्यान प्रस्तुत किये। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम विद्यालय जावंगा गीदम के कक्षा 8वीं की छात्रा शैली वेक ने शानदार प्रस्तुति दे कर पूरे जोन स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बीजापुर के कक्षा 10वीं के छात्र आर. हर्षित ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अतिथियों, अधिकारियों तथा निर्णायकों ने बच्चों को प्रोत्साहित कर राज्य स्तरीय विज्ञान सेमिनार प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर दंतेवाड़ा जोन का नाम रोशन करने प्रेरणा व शुभकामनाएं दी।

## 909 वाहनों पर 17.64 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ धनपूंजी बेरियर सहित अन्य राज्यों के वाहनों पर की जा रही सख्ती



परिवहन विभाग के धनपूंजी में स्थित बेरियर से छत्तीसगढ़ सहित आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, ओड़ीसा, तमिलनाडू आदि से वाहनों का आवागमन हो रहा है। बेरियर में वाहनों की जांच 24 घंटे हो रही है, जिससे वाहन मालिकों एवं चालकों में हड़कंप मच गया है। इसके चलते छत्तीसगढ़ के 236 एवं दूसरे राज्यों के 673 वाहन परिवहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए, जिस पर लगभग 17 लाख 64 हजार 300 रूपए का जुर्माना किया गया। इसके अलावा आने-वाले वाहनों से ई-चालान, जारी परमिट, मासिक कर एवं तिमाही कर वसूल किया गया। साथ ही बिना बीमा के चल रहे, बिना नम्बर, नो-पॉर्किंग, ज्वलनशील वाले, बिना रिफ्लेक्टर वाहन पर सख्ती की और 46 वाहनों का प्रेशर हार्न हटाया गया। बिना तिरपाल वाले वाहनों तथा बकाया वाहनों पर भी कार्रवाई की जा रही है।

#### वाहनों की हो रही जांच

बेरियर के प्रभारी एवं निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि बेरियर में आवागमन वाले वाहनों की जांच की जा रही है। परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों सख्ती की जा रही है।

## सुकमा में मछली पालन की असीम संभावनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



सुकमा एक नवोदित जिला है, परंतु यहां के हर गांव में हमें छोटे-बड़े तालाब और डबरी देखने को मिल ही जाता है। इसी तारतम्य में कृषि विज्ञान केन्द्र के कार्यक्रम सहायक डॉ. संजय सिंह राठौर को कुछ दिन पहले निगुर्ड़ीपारा से जगन्नाथ ने संपर्क किया, उन्होंने अपने तालाब में पाले गए मछलियों की तेजी से बढ़त हेतु उपाय पूछा।

डॉ. राठौर ने उन्हें आश्वस्त करते हुए 30 सितंबर को उनके तालाब का निरीक्षण किया और उन्हें मछली की प्राकृतिक भोजन निर्माण की प्रक्रिया को किसान मित्र से करवाकर सिखाया। इसके लिए उन्होंने गाय का ताजा गोबर, खली, हालर मिल का कोढ़ा यूरिया और सिंगल सुपर फास्फेट को अच्छे से मिलाकर तीन दिन तक किण्वन हेतु रखने कहा। तत्पश्चात तालाब में छिड़कने की विधि भी समझाई। स्वयं से सीखने पर जगन्नाथ का आत्मविश्वास काफी बढ़ गया और उन्होंने आने वाले समय में मछली पालन को व्यापक रूप में करने का इरादा जताया। डॉ. राठौर ने नयानार निवासी जोगा मरकाम जिनके पास बड़े क्षेत्रफल वाले दो तालाब है, को मछली बच्चा डालने से पूर्व की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि वे धान की अपेक्षा मछली पालन से अपनी आय को काफी हद तक बेहतर कर सकते हैं। जोगा उनकी बातों से काफी प्रभावित हुए और भविष्य में संपूर्ण संसाधनों का सदुपयोग करते हुए मछली पालन करने की प्रबल इच्छा जताई। उन्होंने कोर्रा स्थित तालाबों का भी निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के ज्योतिष कुमार पोटला भी उपस्थित रहे।

डॉ. राठौर ने 2 अक्टूबर को धोबनपाल में कोसाराम के तालाब में पुनः निरीक्षण किया। किसान मित्र ने बताया कि राठौर के बताए गए उपायों से मछलियों का मरना कम हो गया है।

MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000
₹ 95,000
₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### तालाब में डूबने से डेढ़ की बच्ची की हुई मौत



**सरोना।** विकासखण्ड नरहरपुर के सरोना तहसील के अंतर्गत सरोना में 5 अक्टूबर शनिवार को तालाब में डूबने से डेढ़ साल की बच्ची दीपिका मंडावी पिता रामेश्वर मंडावी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बच्ची अपने घर के सामने खेल रही थी एवं घर के सामने में तालाब है। बच्ची खेलते खेलते तालाब किनारे चली गई एवं अचानक तालाब में गिर गई। परिजन बच्ची को ढूंढते हुए तालाब की ओर गए। बच्ची को तालाब में देखकर परिजनों ने उसे तालाब से निकलकर सरोना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

### दो दिवसीय ओपन प्रो कबड्डी स्पर्धा14 से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोदल अंतर्गत ग्राम पंचायत हानपतरी के बड़ेपारा में ओपन प्रो कबड्डी प्रतियोगिता ग्रामवासियों के तत्वाधान में दो दिवसीय डे नाईट 14 एवं 15 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के संरक्षक बंसीलाल नरेटी, धर्म सिंह नरेटी, प्रभु राम गावडे, अध्यक्ष हीराराम मंडावी, नवली बाई नरेटी, सचिव हरिलाल नरेटी, गायत्री बाई गावड़े, कोषाध्यक्ष बाबूलाल गावड़े, सुलोचना गावड़े ने बताया है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम हानपतरी बड़ेपारा में ओपन प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसका प्रथम पुरस्कार 15001 रूपए, द्वितीय पुरस्कार 8001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 4001 रूपए, चतुर्थ पुरस्कार 2024 रूपए एवं अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे।

### लोक कला मंच की आज हाहालददी में प्रस्तुति

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत आश्रित ग्राम हाहालददी में बंजारी माता मंदिर के तत्वाधान में 7 अक्टूबर नवरात्र पर्व के पंचम दिवस को रात्रि 9 बजे लोक कला मंच, लोक सांस्कृतिक कला मंच लोक संध्या की प्रस्तुति रखी गई है। लोक संध्या के प्रसिद्ध गायक डिमान सेन की गीत तोर बर ले देहु रानी लाली लुगरा ने लोगों के दिलो में अलग ही जगह बनाई है। समिति के सचिव भूपेंद्र सिन्हा, प्रवीण कुमार, गोवर्धन नरेटी ने बताया कि इस कार्यक्रम में अतिथि स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग एवं स्थानीय खदान से शामिल रहेंगे।

### फांसी लगाकर दी जान मर्ग कायम, जांच शुरू

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पखांजुर निवासी सुजीत बैरागी ने 4 अक्टूबर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। हरिपुर पखांजुर निवासी सुशांत बैरागी ने पुलिस को बताया कि मृतक ने सायकल दुकान में फांसी लगाकर आत्महत्या किया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# सरोना कालेज में वित्तीय साक्षरता पर हुई तीन दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

महाविद्यालय सरोना तीन दिवसीय वित्तीय साक्षरता कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें विषय विशेषज्ञों के द्वारा कई अहम जानकारी दिया गया और इस तरह के साक्षरता कार्यशाला का समय समय पर आयोजन करने का निर्णय भी लिया गया।

अंतिम दिवस में रिसोर्स पर्सन के रूप में सीएफएल आरपी चारामा डेरहिन मटियारा ने बीमा एवं पेंशन योजना के अंतर्गत प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना के बारे में प्रतिभागियों से विस्तृत जानकारी साझा किया। साथ ही साथ द्वितीय सत्र में सांप सीढ़ी खेल के माध्यम से जीवन में वित्तीय व बैंकिंग सम्बन्धित अनियमितता व

## विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई




अज्ञानता को समझाया गया। तृतीय सत्र में रिसोर्स पर्सन एएसपी मनीषा ठाकुर ने साइबर क्राइम के विभिन्न पहलुओं जैसे सोशल मीडिया , ओटीपी , ऑनलाइन शॉपिंग, केबीसी लिंक फ्रॉड के बारे में जानकारी दी गई। अंत में अभिव्यक्ति एप के बारे में बताया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से पीजी कॉलेज की प्राचार्य डॉ सरला आत्राम प्राचार्यने वित्तीय प्रबंधन पर संक्षिप्त जनकारी दी।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य आरके ध्रुव, कार्यक्रम समन्वयक प्रो. ललित कुमार ठाकुर,शीतल, बैधराज कुबेर, खिलेश्वरी साहू आदि प्रतिभागियों द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यशाला का अनुभव साझा किया गया । कार्यक्रम का समापन करते हुए प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व कॉलेज बैग प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सभी प्राध्यापक, कर्मचारी व अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

### आस्था : नवरात्रि पर देवी दर्शन के लिए पहुंच रहे बड़ी संख्या में श्रद्धालु

# चतुर्थी पर देवी हिंगलाजीन की पूजा करने उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बकावंड ब्लाक के गिरोला में रविवार को देवी हिंगलाजीन मां की पूजा अर्चना करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। चतुर्थी पर भारी भीड़ रही, प्रवेश द्वार से ही दो कतार में भक्त दर्शन के लिए मौजूद थे। सुचारू रूप से सभी श्रद्धालुओं को बिना किसी परेशानी के देवी दर्शन हो सके इसके लिए आयोजन समिति तथा पुलिस बल द्वारा समुचित व्यवस्था की गई थी। घंटों इंतजार के बाद लोग मंदिर में देवी दर्शन कर निहाल हो रहे थे। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल इस मंदिर के पुजारी हैं उनके पिता, दादा, परदादा सालों से इस मंदिर की व्यवस्था संभालकर विधि विधान से पूजा अर्चना करते रहे हैं। मंदिर को भव्य रूप देने के लिए विधायक ने ओड़शिा के कारिगरों और शिल्पियों को बुलाकर मंदिर को काफी आकर्षक बनाया है। यही कारण है कि भारी भीड़ के बावजूद किसी भी तरह की अव्यवस्था उत्पन्न नहीं हुई और लोग कतारबद्ध होकर देवी मां का दर्शन कर घर लौटे। पूजा सामग्री की दुकानें और पार्किंग की व्यवस्था भी नियत स्थल पर रही। जिससे आने जाने में लोगों को परेशानी नहीं हुई। बताया गया कि सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने हमेशा की तरह घी और तेल के ज्योत जलाएं हैं। कल पंचमी से लेकर सप्तमी और अष्टमी में भी भारी भीड़ को देखते हुए समुचित व्यवस्था आयोजन समिति ने की है।



# पुलिस ने सायबर ठगी पर नगर में चलाया जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

बढ़ते साइबर अपराधों को रोकने के लिए भानुप्रतापपुर पुलिस ने रविवार को नगर में जागरुकता अभियान चलाया। जिले के एसपी इंद्रा कल्याण एलसेला के निर्देश एवं एसडीओपी प्रशांत पैकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख अपने पुलिस बल के साथ नगर में लोगों को साइबर ठगी के बारे जागरूक किया। इस दौरान नगर वासियों को साइबर अपराधियों द्वारा लाटरी, एनी डेस्क एप, टीम व्यूवर, एसएमएस फावर्डिंग एप, लोन एप, फेक कस्टमर केयर नंबर आदि के माध्यम से लोगों को ठगी से बचने के तरीके बताए। साथ ही बताया कि आनलाइन जाब, क्रेडिट और डेबिट क्राड की डिटेल प्राप्त कर भी साइबर ठग खातों से रुपये उड़ा रहे है। पुलिस ने लोगों से अपील की कि लोग झूठे प्रलोभन से बचें। यदि इसके बावजूद साइबर क्राइम के शिकार होते हैं तो तुरंत साइबर क्राइम हेल्प लाईन नंबर पर काल करें। लोगों को जागरूक किया गया कि आपके मोबाइल पर आए ओटीपी या एटीएम पिन को किसी के साथ शेयर न करें, फर्जी जाब के आफर्स से भी सावधान रहें, असत्यापित लिक पर क्लिक न करें, इंटरनेट मीडिया पर अज्ञात लोगों से फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें, अपनी व्यक्तिगत जानकारी आनलाइन साझा करते समय सावधानी बरतें, किसी भी झांसा या प्रलोभन देने वाले हाईपर लिक/ वेबलिक्स/ यूआरएल को न खोलें, क्योंकि ये आपकी निजी व वित्तिय जानकारियों को लीक कर सकते है।

थाना प्रभारी ने बताया कि लोगों को साइबर ठगी से बचाने के लिए पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। लोगों की जागरूकता से ही साइबर ठगों को मात दी जा सकती है।

# कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में पंचायती चुनाव पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़




अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन अंतागढ़ के राजीव भवन में आयोजित किया गया। सम्मेलन में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दूसरी बार नियुक्त राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी सम्मिलित हुए। एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन में राष्ट्रीय सचिव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी सरकार की जन विरोधी नीतियों का विरोध करते हुए आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कांग्रेस पार्टी को विजय दिलाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आव्हान किया। आए हुए समस्त अतिथियों ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जनक नंदन कश्यप, जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुभद्रा सलाम, अंतागढ़ विधानसभा प्रभारी बसंत यादव, नंदू राठी, वरिष्ठ कांग्रेसी मुकेश ठक्कर, जनपद अध्यक्ष बद्री गावड़े, आमाबेड़ा ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर मरकाम, कोयलीबेड़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रवण यादव, रुपसिंग पोटाई, वरिष्ठ कांग्रेसी विश्राम गावड़े, गुड्डा खान, दुर्गेश ठाकुर, घनश्याम यादव, राकेश गुप्ता, शेख शरीफ कुरैशी, जिला पंचायत सदस्य दिलीप बघेल, विश्राम गावडे, रतिराम दुग्गा, अभिषेक श्रीवास्तव, दिलीप सरकार, अरुणा नाग, राधा लोहिया, कंचन चुरपाल, शकुंतला धनेलिया, दिपशिखा साहु, गीता यादव, अनीता पटेल, उषा साहू, सूर्यास्त नेताम, मोनू साहू एवं अंतागढ़, कोयलीबेड़ा, आमाबेड़ा के समस्त कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### जेसीबी मालिक कल्याण संघ बैठक में कार्यप्रणाली पर चर्चा

**चारामा।** जिला महानदी जेसीबी मालिक कल्याण संघ का जिला स्तरीय बैठक आयोजित किया गया। आयोजित बैठक में जिले के सभी ब्लॉकों के मशीन मालिक व पदाधिकारी गण उपस्थित रहे, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि जिले के बाहरी मशीन को पूर्णतया बंद किया जाएगा और कोई बाहरी मालिक आकर यहा लोकल में काम करने की कोशिश करते पाया गया तो कार्यवाही भी किया जाएगा।

# गरबा नाइट जारी, बना भक्ति व मनोरंजन का अनूठा संगम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

नगर के हाई स्कूल मैदान में आयोजित चार दिनी गरबा नाइट शनिवार से शुरू हो गया है। छितिज चोपड़ा ग्रुप द्वारा आयोजित गरबा नाइट में नगरवासी डांडिया संग जमकर झूमे। इससे पहले हुई आरती में संरक्षक निखिल सिंह राठौर,सचिन दुबे,थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख, वरिष्ठ पत्रकार सुमंत सिन्हा, प्रेस क्लब अध्यक्ष अजय साहू,वरूण खपर्डे, नरेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में नगर वासी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में एंकर नरेंद्र शर्मा एवं संस्कार वैली स्कूल के प्राचार्य हेमलता ने समा बांधा। गरबा नाईट आयोजन के संरक्षक निखिल सिंह राठौर ने कहा मनोरंजन मुलाकात एक दूसरे की प्रतिभा भी सामने आ रहा है। यह आयोजन का दूसरा वर्ष है। इसके लिए बहनों को एक सप्ताह तक विशेष प्रशिक्षण दिया गया है इसमे भानुप्रतापपुर विकासखंड के आलावा दुर्गुकोंदल के भी प्रतिभा और दर्शक शामिल है।

आयोजन समिति के सचिन दुबे आज अपने कार्यक्रम में शामिल होने पहुँचे थे उन्होंने कहा यह गरबा इवेंट नवरात्रि के सबसे बड़े आयोजनों में से एक है, जहां हर वर्ष बड़ी संख्या लोग भाग लेते हैं। इस उत्सव में शामिल होने का मतलब है, आपको संगीत, नृत्य और संस्कृति का एक अनुपम मिश्रण अनुभव करने को मिलेगा।



आपको बता दें कि नवरात्रि का उत्सव हमेशा से ही भारतीय संस्कृति के विभिन्न रंगों को दर्शाता है। जहां लोग अपने दैनिक जीवन से कुछ पल निकालकर देवी दुर्गा की आराधना, उत्साह और उमंग के साथ करते हैं। इस वर्ष भी, नवरात्रि की धूम बिखेरते हुए नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष के मार्गदर्शन में नगर वासियों के लिए खास पेशकश की है। आयोजित भव्य गरबा नाईट में आज लगभग 100 टीमें ने भाग लिया है।

# घोटा में राज्य स्तरीय रामधुनी प्रतियोगिता जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



शारदीय नवरात्रि के साथ साथ रामचंद्र के यशगान पर आधारित राज्य स्तरीय रामधुनि प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम घोटा में हुआ। विगत तेरह वर्षों से इस ग्रामीण अंचल में राम के प्रति आस्था का प्रतीक है जिसमें समस्त ग्रामवासियों का पूरा सहयोग होता है।

इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सतीश लाटिया जिलाध्यक्ष, भाजपा एवं ग्राम सरपंच रामप्रसाद कावड़े के कर कमलों से हुआ। श्री लटिया ने कहा कि राम नाम ही जीवन का आधार है इस मूलमंत्र को साकार करते हुए हमे अपने दैनिक जीवन में श्री राम जी के आदर्शो को शामिल करना चाहिए, जिससे व्यक्तिव विकास के साथ समाज का भी उत्थान होता है, ग्राम सरपंच रामप्रसाद कावड़े एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री गीतेलाल पटेल ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार प्रकट किया।।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरविंद जैन युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संकेत नसीने युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी राजीव श्रीवास, भाजपा पिछड़ा वर्ग कार्यकारिणी सदस्य जगन्नाथ साहू, मंडल महामंत्री अनुसूची जाति लक्ष्मण कुलदीप और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# खनिकर्म कर्मचारी एसोसिएशन के बजरंग पैकरा बने अध्यक्ष



**कांकेर।** छत्तीसगढ़ भौमिकी एवं खनिकर्म अधिकारी कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों का चुनाव 5 अक्टूबर को किया गया।, जिसमें कांकेर में पदस्थ खनिज अधिकारी बजरंग सिंह पैकरा को एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया। रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ भौमिकी एवं खनिकर्म अधिकारी कर्मचारी की बैठक में एसोसिएशन के पदाधिकारियों का चुनाव अनुराग दीवान के मुख्य आतिथ्य एवं महिपाल सिंह कंवर की अध्यक्षता में किया गया है। चुनाव परिणाम में एसोसिएशन का अध्यक्ष बजरंग सिंह पैकरा, उपाध्यक्ष शबीना बेगम, सचिव हेमंत चेरपा, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र साहू एवं संयुक्त सचिव उमेश कुमार भार्गव को बनाया गया। इसके अलावा संभागीय समन्वय सदस्य मनोनित किए गए, जिसमें सरगुजा संभाग विवेक साहू, बस्तर संभाग मृदुल गुहा, दुर्ग संभाग दीपक तिवारी, रायपुर संभाग जागृत गायकवाड़ एवं बिलासपुर संभाग पदमिनी जांगड़े को बनाया गया। चुनाव का आयोजन रिटर्निंग ऑफिसर सीमा रथ एवं सहयोगी प्रमोद कुमार नायक एवं राकेश वर्मा द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

# आत्मानंद विद्यालय में पालक-शिक्षक की मेगा बैठक में बेहतर शिक्षा पर चर्चा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय दुर्गुकोंदल में विद्यालय स्तर पर द्वितीय मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। अतिथियों ने माँ सरस्वती की छाया चित्र की पूजा अर्चन किया और अतिथियों व सभी पालक के स्वागत के बाद बैठक कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। प्रधान अध्यापिका श्रुति कृति पांडे ने पालक शिक्षक बैठक का सभी प्रमुख एजेंडा का विवरण पालको के सामने प्रस्तुत किया गया। त्रैमासिक परीक्षा की परिणाम के बारे में, आपार आईडी, नेशनल अचीवमेंट सर्वे नास परख के संबंध में चर्चा किया गया। प्रतियोगिता परीक्षा के बारे मे चर्चा, एनएमएससी, नवोदय, प्रयास, आदि बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता की जानकारी व रिमेडियल कक्षाओं के संचालन की चर्चा एवं विभिन्न प्रकार के बिंदुओं पर चर्चा किया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक जैन ने सभी पालको से कहा कि अभिभावक-शिक्षक बैठक स्कूल पाठ्यक्रम की एक अहम विशेषता है। इसका मकसद माता-पिता और शिक्षकों के बीच बच्चों की प्रगति पर बातचीत करना और उनके विकास में आने वाली समस्याओं का समाधान निकालना होता है। पीटीएम के ज़रिए शिक्षक हर बच्चे के विकास और उसके सीखने के लक्ष्यों की ओर बढ़ने के बारे में जानकारी देते है एवं अभिभावकों को अपने बच्चे की बेहतर शिक्षा में मदद करने का मौका मिलता है। संस्था के प्राचार्य एसडी दास ने सभी पालको और शिक्षकों से भी कहा कि प्रतिदिन पढ़ाने के बाद गृह कार्य बच्चों के कॉपी में लिखवाए और बच्चों के घर जाने पर पालकगण भी बच्चों को घर में पढ़ने के लिए बोले और इनके साथ ही विभिन्न प्रकार के बैठक के एजेंडा के बारे बिंदुवार बताया गया। इस मौके पर सरपंच पार्वती शोरी, मोहन लाल, पिला राम उयके, गिरजा शंकर सिन्हा, पूनारद दास, पालकगण और समस्त शाला परिवार उपस्थित रहे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

चेहरे की चर्बी घटायें



चेहरे की झुर्रियां व चर्बी का वेजर द्वारा ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com




रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411